an>

Title: Need to convert the underpass on National Highway passing beneath the Railway line near Dhanbad Railway station, Jharkhand into double lane.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) ः नेशनल हाईवे धनबाद के मुख्य शहर से गुजरता है। यह धनबाद के कोर्ट, कचहरी, रेलवे स्टेशन के बाहर से गुजरते हुए शहर को पार करते हुए बोकारो, राँची, जमशेदपुर व ओडिशा, महाराष्ट्, छत्तीसगढ़ जैसे कई बड़े राज्यों की ओर जाता है। धनबाद स्टेशन के पास रेलवे लाइन के नीचे से यह सड़क पार करती है, जो बहुत ही संकीर्ण है। जिसके कारण से यहाँ प्रतिदिन सड़क जाम की बड़ी समस्या बनी रहती है। 16-16 घण्टों तक बड़े वाहनों के लिए नो एन्ट्री रहती है। करीब डेढ़ वर्ष पहले राँची में आयोजित बैठक में माननीय मंत्री जी द्वारा स्वीकृति भी प्रदान की गई थी, जिस पर आज तक पहल नहीं हो पाई है।

अतः मैं माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि धनबाद की बड़ी समस्या यातायात के निवारण के लिए अंडरपास के दोहरीकरण करने का कष्ट करें।